दिनांक 07.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

50 से अधिक अवैध कब्जेधारियों को बेदखल कर जब्ती की कार्यवाही की गई ।

भिलाईनगर/ जिला प्रशासन के आदेश पर नगर पालिक निगम, भिलाई आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देश पर यातायात पुलिस एवं नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा आज संयुक्त रूप से सड़क किनारें ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित रखने हेतु नेहरू चौक से सुपेला चौक तक के सड़क के दोनों किनारे अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय करने वाले लगभग 50 अतिक्रमणकारियों को बेदखल कर कब्जा मुक्त कराने का अभियान चलाया गया। इन अवैध कब्जाधारियों के कारण आम नागरिकों के लिए आवागमन की सुविधा बाधित हो रही थी। तथा ट्रैफिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो रही थी। आवागमन को सुगम बनाये रखने के लिए मार्ग को बाधित करने वाले अवैध कब्जेधारियों को हटाया गया।

निगम आयुक्त श्री के.एल. चौहान के निर्देश पर आज यातायात पुलिस एवं निगम का तोडफोड दस्ता के साथ सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक नेहरू चौक से सुपेला चौक तक दोनों किनारे अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय करने वाले 50 अतिक्रमणकारियों को हटाया गया एवं दो गैंस सिलेण्डर एवं गैस चुल्हा की जब्ती की गई। यातायात डी.एस.पी., टी.आई एवं पुलिस बल तथा निगम की ओर से जोन–01 नेहरू नगर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं तोडफोड दस्ते, निगम संसाधन दो डम्पर, एक जेसीबी एवं एक काउकेचर के साथ बेदखली की कार्यवाही की गई। सडक के दोनों किनारें मुख्य रूप से विज्ञापन बोर्ड, ठेला, खोम्चा एवं अन्य प्रकार से किये गये अवैध कब्जे को हटाया गया तथा ट्रैफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित की गई।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम क्षेत्र के आम नागरिकों से अपील की है कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बनाये रखने के लिए आप अपना योगदान देवें। तथा आम नागरिकों के सरलता पूर्वक आने–जाने के लिए सडक में किसी भी प्रकार की बाधा एवं अवैध कब्जा न करें। सडक किनारें अवैध कब्जा किये जाने से आये दिन छोटी बडी दुर्घटनाएँ होती रहती है। जिसके कारण माल जान की हानि होती है। इसलिए आप निगम प्रशासन के साथ–साथ यातायात पुलिस को सहयोग देवें। श्री चौहान ने कहा कि सड़क के किनारें अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय करने वाले एवं सडक को बाधा पहुँचाने वाले अवैध कब्जाधारियों को बेदखली कर जब्ती की कार्यवाही की जावेंगी। ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रूप से बनाये रखना हम सबका दायित्व है।

आज की संयुक्त बेदखली कार्यवाही में यातायात डी.एस.पी., टी.आई, पुलिस बल एवं निगम भिलाई से जोन–01 नेहरू नगर के प्रभारी राजस्व अधिकारी श्री हरचरण सिंह अरोरा, तोड़फोड़ प्रभारी अधिकारी श्री यतीन्द्रनाथ देवांगन, राजस्व निरीक्षक प्रकाश अग्रवाल, बालकृष्ण नायडू सहित निगम का राजस्व अमला अपने संसाधनों के साथ उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी